दिन– मंगलवार | दिनांक– 02 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की सभी पंचायतों और नगर निकायों में सहयोग शिविर का हुआ आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शेखपुरा और मुजफ्फरपुर जिले में हुए शामिल।

02 सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को केन्द्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से हटाया।

03. राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त मदरसों की होगी स्थलीय जांच। प्रखंड स्तर पर जांच समिति का होगा गठन।

04. और, प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद उमस भरी गर्मी का सिलसिला शुरू। उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भभुआ सबसे गर्म स्थान रहा।

---

आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए आज प्रदेश की सभी पंचायतों के साथ –साथ पहली बार नगर निकायों में सहयोग शिविर आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शेखपुरा और मुजफ्फरपुर जिले की अलग–अलग पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और इसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ तय समय सीमा के भीतर मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया।

———रिपोर्ट———

शेखपुरा जिले की सामस बुजुर्ग पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में मुख्यमंत्री ने खुद लोगों की फरियाद सुनी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लटका कर रखना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

———बाइट———सम्राट चौधरी 01—

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है।

———बाइट———सम्राट चौधरी 02—

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तिरेपन करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

शेखपुरा के बाद मुख्यमंत्री मुजफ्फरपुर के मोतीपुर प्रखंड की परसौनीनाथ पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान दो सौ अट्ठासी करोड़ रुपये लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इधर, हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि जिले की इकतीस ग्राम पंचायतों और सत्रह नगर निकायों के विभिन्न वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

———रिपोर्ट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी नौबतपुर प्रखंड की खजुरी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मकसद सिर्फ आवेदन लेना नहीं बल्कि लोगों को तुरंत न्याय और राहत पहुंचाना है। उपमुख्यमंत्री ने शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं। शिकायतों में भूमि विवाद, स्थानीय विकास योजनाओं, राशन कार्ड, सड़क निर्माण और प्रशासनिक शिथिलता से जुड़े मामले मुख्य रूप से शामिल थे। इधर, रूकनपुरा में आयोजित सहयोग शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था उपलब्ध थी। शिविर में आये लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाई भी उपलब्ध कराई गई। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

सारण जिले के नयागांव, आमी और फेरूसा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव शामिल हुए। विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव सहयोग शिविर में मौजूद रहे।

---

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनका तबादला कर दिया है। यह कार्रवाई बोर्ड की ऑन–स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम सेवाओं की खरीद प्रक्रिया में सामने आई गड़बड़ियों और विवाद के बाद की गई है। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया है, जिसक नेतृत्व क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान करेंगी। इस समिति को एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सौंपनी होगी।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बताया है कि उत्तर पुस्तिकाओं में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उनके पुनर्मूल्यांकन के लिए पोर्टल आज से शुरू हो गया है। यह पोर्टल 6 जून तक खुला रहेगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

सीबीएसई ने कहा है कि यह सुविधा केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति प्राप्त कर ली है। बोर्ड ने बताया है कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सत्यापन को शामिल किया गया है। जिन बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है, उनके माता–पिता, रिश्तेदार या अभिभावक के आधार कार्ड का उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रतियों में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका सौ रुपये और पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति प्रश्न 25 रुपये का भुगतान करना होगा। शुल्क का भुगतान केवल यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग जैसे ऑनलाइन माध्यमों से किया जा सकता है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

---

राज्य सरकार ने अनुदान प्राप्त मदरसों की स्थलीय जांच कराने के लिए प्रखंड स्तर पर तीन सदस्यीय समिति गठित करने का फैसला किया है। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी या अंचलाधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे। वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय स्थित माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरीयतम प्रधानाध्यपक को सदस्य बनाया जायेगा। समिति को दस दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट फोटो और अन्य साक्ष्यों के साथ जमा करने के निर्देश दिये गए हैं। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि शिक्षा विभाग की बैठक में संस्कृत विद्यालयों की स्थिति के मूल्यांकन के लिए भी एक समिति के गठन का फैसला किया गया है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा लोगों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। श्रीमती मुर्मू आज नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि सही विकास तभी संभव है जब समाज के सभी वर्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से प्रगति करें।

–––बाइट–––

भारत सरकार जनजातीय समुदायों के युवाओं को आगे बढाने के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही हैं। छात्रवृत्ति योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं है, यह युवाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम है। यह उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं का द्वार खोलती है, जिनमें प्रतिभा तो होती ही है, परन्तु संसाधनों का अभाव उन्हें आगे बढने से रोकता है। लेकिन मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि आप में से अनेक युवाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त की है।

राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

---

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में दो श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह देश भर की बियालीस उत्कृष्ट पंचायतों को ग्रामीण विकास, सुशासन, जनभागीदारी, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं तथा सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सम्मानित करेंगे। बिहार की भी कई पंचायतों को सम्मानित किया जायेगा।

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। श्री कुमार बिहार विधानसभा सचिवालय के नेवा केन्द्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

---

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद एक बार फिर उमसभरी गर्मी का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोत्तरी की संभावना है।

---बाईट---

---

बिहार संग्रहालय, पटना में आज से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का उद्घाटन महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने किया। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

सात जून तक चलने वाले समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को कला और संस्कृति से जोड़कर उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कैंप में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को टेराकोटा कला, मुखौटा निर्माण कला और कहानी लेखन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

———बाइट———अंजनी कुमार सिंह—

समर कैंप में शामिल हो रहे बच्चों ने किताबी दुनिया से इतर उनकी कल्पनाओं को एक नया मंच मिलने पर प्रसन्नता जताई।

———बाइट———वॉक्सपॉप

आज के डिजिटल दौर में इस तरह के शिविर बच्चों की मानसिक और शारीरिक गतिविधियों बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण साबित होंगे। साथ ही ऐसे आयोजनों से बच्चों में टीम वर्क और कौशल विकास की भावना भी मजबूत होगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बांका जिले के चांदन अंचल कार्यालय में पदस्थापित सर्वे अमीन आदित्य कुमार को आठ हजार पांच सौ रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन सर्वे के कागजात में अशुद्धियों को सुधारने के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

बक्सर में उत्पाद विभाग की टीम ने लगभग इक्कीस लाख रूपये मूल्य की विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहुगढ़ भातु टोला में पुलिस ने छापेमारी कर दो सौ अट्ठावन लीटर प्रतिबंधि कफ सीरप के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

---

बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खिलाफतपुर गांव में रेलवे लाइन के नजदीक बिजली की तार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

---

दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बहेड़ी अंचल के राजस्व कर्मचारी वीरेन्द्र यादव को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेत बचाओ अभियान के तहत शिवहर जिले के हरनाही और शेखपुरा जिले के गोसाईंमढ़ी गांव में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

01. प्रदेश की सभी पंचायतों और नगर निकायों में सहयोग शिविर का हुआ आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शेखपुरा और मुजफ्फरपुर जिले में हुए शामिल।

02 सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को केन्द्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से हटाया।

03. राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त मदरसों की होगी स्थलीय जांच। प्रखंड स्तर पर जांच समिति का होगा गठन।

04. और, प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद उमस भरी गर्मी का सिलसिला शुरू। उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भभुआ सबसे गर्म स्थान रहा।

---

समाप्त